गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का दावा पुख्ता करने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

⇨ चेन्नई के 11 मैचों में हैं 12 अंक, गुजरात पर जीत महत्वपूर्ण होगी

एजेंसी

अहमदाबाद। चोटों और अंतरराष्ट्रीय व्यस्तताओं के कारण प्रमुख खिलाड़ियों के बाहर रहने के बावजूद चेन्नई सुपर किंग्स शुक्रवार को आईपीएल के 12वें दौर के मुकाबले में गुजरात टाइटंस को हराकर प्लेआफ का अपना दावा पुख्ता करने के इरादे से उतरेगी।

चेन्नई के 11 मैचों में 12 अंक है और गुजरात पर जीत उसके लिये बहुत महत्वपूर्ण होगी क्योंकि प्लेआफ में उसकी जगह अभी भी पक्की नहीं है और एक हार उस पर भारी पड़ सकती है । दीपक चाहर और मथीषा पथिराना चोटों के कारण टूर्नामेंट से बाहर हैं जबकि मुस्ताफिजूर रहमान बांग्लादेश के लिये खेलने चले गए हैं । अब चेन्नई के तीनों स्पिनरों रविंद्र जडेजा, मिशेल सेंटनेर और मोईन अली पर आक्रमण का दारोमदार होगा । चेन्नई ने धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ जिस तरह 167 रन बनाने के बाद मैच जीता, उससे प्रशंसकों की उम्मीदें बंधी होगी । गुजरात को हराकर चेन्नई अंकतालिका में सनराइजर्स हैदराबाद से ऊपर तीसरे स्थान पर पहुंच जायेगी । अभी तक जिन तीन टीमों के 12 अंक हैं , उनमें चेन्नई (प्लस 0 . 700) का रनरेट सबसे अच्छा है। गुजरात के 14 अंक हैं और वह दौड़ से पूरी तरह बाहर नहीं हैं।

चेन्नई सुपर किंग्स

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), एमएस धोनी (विकेटकीपर), अरावेली अवनीश, अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिचेल, रचिन रविंद्र, मिशेल सैंटनर, निशांत सिंधु , दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मथीशा पाथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शार्दुल ठाकुर, महेश तीक्ष्णा और समीर रिजवी।

गुजरात टाइटंस

शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रॉबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, शशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुतार ।

भारतीय निशानेबाजों का बाकू विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन

नई दिल्ली। भारतीय निशानेबाजों का बाकू में आईएसएसएफ विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में कोई भी स्कीट निशानेबाज बृहस्पतिवार को फाइनल में जगह नहीं बना सका। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता अनंत जीत सिंह नरूका 125 में से 120 अंक के क्वालीफाइंग स्कोर के साथ 15वें स्थान पर रहे जबकि 48 वर्षीय अनुभवी निशानेबाज मेराज अहमद खान सिर्फ 105 अंक बनाकर 80 निशानेबाजों में 76वें स्थान पर रहे। ओलंपियन मेराज अपने प्रदर्शन में सुधार नहीं कर सके। वह अंतिम दो क्वालीफाइंग राउंड में 25 में से 21 का समान स्कोर ही बना सके। तीसरे भारतीय निशानेबाज शीराज शेख 25 शॉट के पांच क्वालीफाइंग राउंड में 115 के स्कोर से 54वें स्थान पर रहे। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में रेजा ढिल्लों 125 में से 114 के कुल स्कोर से 16वें स्थान पर रहीं। वहीं महेश्वरी चौहान 113 अंक के स्कोर से 20वें स्थान पर रहीं। एक अन्य युवा निशानेबाज गनेमत सेखों 111 अंक के साथ 25वें स्थान पर रहीं। इससे पहले भारतीय

रॉयल चैलेंजर्स ने पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराया

कोहली और पाटीदार के अर्धशतक से आरसीबी ने बनाए थे 241 रन

एजेंसी

धर्मशाला। पंजाब किंग्स इंडियन प्रीमियर लीग में गुरुवार को प्लेऑफ रेस से बाहर हो गई। टीम को अपने होमग्राउंड धर्मशाला में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 60 रन से हराया। इस जीत से बेंगलुरु ने अपने प्लेऑफ में क्वालिफाई होने की उम्मीदों को बरकरार रखा। पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। आरसीबी ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 241 रन बनाए। विराट कोहली ने 92, रजत पाटीदार ने 55 और कैमरन ग्रीन ने 46 रन बनाए। पंजाब से हर्षल पटेल ने 3 और विद्वत कवेरप्पा ने 2 विकेट लिए। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने विराट कोहली की 47 गेंद में 92 रन की शानदार पारी और रजत पाटीदार के तूफानी अर्धशतक की बदौलत बृहस्पतिवार को यहां बारिश से प्रभावित इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ सात विकेट पर 241 रन बनाए। पंजाब किंग्स के क्षेत्ररक्षकों ने पारी के दौरान कई कैच छोड़े जिससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कोहली और पाटीदार ने जीवनदान का पूरा फायदा उठाते हुए 32 गेंद में 72 रन ठोक डाले। कोहली ने जब खाता नहीं खोला था और जब वह 10 रन पर थे, उन्हें दो जीवनदान मिले। उन्होंने अपनी कलाई और पैरों का अच्छा इस्तेमल करते हुए इन मौकों का पूरा फायदा उठाया और इस आईपीएल चरण का अपना छठा अर्धशतक पूरा किया। पाटीदार को भी दो जीवनदान मिले। उन्होंने शुरू में स्कोर को तेजी से रफ्तार दी और 23 गेंद में 55 रन की पारी के दौरान छह छक्के और तीन चौके लगाए। कोहली और कैमरून ग्रीन (27 गेंद पर 46 रन) ने इसी आक्रामक बल्लेबाजी को जारी रखते हुए 46 गेंद में 92 रन जोड़कर आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया।

रॉयल चैलेंजर्स

- विराट कोहली का रोसोऊ बो अर्शदीप 92
- फाफ डुप्लेसी का शशांक सिंह बो कावेरप्पा 09
- विल जैक्स का पटेल बो कावेरप्पा 12
- रजत पाटीदार का बेयरस्टो बो करन 55
- कैमरन ग्रीन बो करन बो पटेल 46
- दिनेश कार्तिक का करन बो पटेल 18
- महिपाल बो पटेल 00
- स्वप्निल सिंह नाबाद 01

गेंदबाजी

विद्वथ कावेरप्पा 4-0-36-2
अर्शदीप सिंह 3-0-41-1
सैम करन 3-0-50-1
हर्षल पटेल 4-0-38-3
राहुल चाहर 3-0-47-0
लिविंगस्टोन 3-0-28-0

भारतीय महिला टीम ने श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया

एजेंसी

सिलहट (बांग्लादेश)। रिचा घोष की नाबाद 28 रन की तेजतर्रार पारी के बाद राधा यादव (24 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला में 5-0 से क्लीन स्वीप किया।

बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरूआत की लेकिन बायें हाथ की स्पिनर राधा यादव के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी। उसके लिए रितु मोनी की 37 रन और शोरिफा खातून की नाबाद 28 रन की पारी भी कुछ काम नहीं आ सकी। आल राउंडर मोनी और शोरिफा ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी निभाकर भारत को दबाव में ला दिया लेकिन मेहमान टीम ने अंत में श्रृंखला में सूपड़ा साफ किया। मोनी और शोरिफा के बीच यह साझेदारी बांग्लादेश के लिए महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय में छठे विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है।

डायमंड लीग के जरिए ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चोपड़ा और किशोर जेना

⇨ दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा सामना

एजेंसी

दोहा। ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा शुक्रवार को दोहा डायमंड लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिये पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे जिसमें उनका सामना दुनिया के धुरंधर भाला फेंक खिलाड़ियों से होगा।

मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैम्पियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप के पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा । एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे । उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87 . 54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89 . 94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है । चोपड़ा ने प्रतिस्पर्धा से पहले प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,'' मैं कल के लिये तैयार हूं । मैं लगातार अच्छा प्रदर्शन करना चाहता हूं । मैं 90 मीटर का थ्रो भी फेकूंगा लेकिन निरंतरता अधिक जरूरी है।' यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल हैं जो लीग में उतरेंगे । इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा । चोपड़ा यहां गत चैम्पियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था । चोपड़ा ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि सफलता टीमवर्क पर निर्भर करती है । मेरे कोच और फिजियो का अपार योगदान है । कोच मेरी तकनीक की समीक्षा करते हैं और बताते हैं कि मेरे अनुकूल क्या होगा । हमारे पास स्ट्रेंथ ट्रेनिंग विशेषज्ञ भी है ।'पीटर्स ने 2022 में यहां 93 . 07 का थ्रो फेंका था । वहीं तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता वालेश 2023 डायमंड लीग चैम्पियन है और यहीं पर 2022 में उन्होंने 90 . 88 मीटर का थ्रो फेंका था।

अर्जुन ने कार्लसन को ड्रॉ पर रोका

वारसॉ। फिडे कैंडिडेट्स चैंपियन डी गुकेश की सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही लेकिन एक अन्य भारतीय खिलाड़ी एरिगैसी अर्जुन पहले मुकाबले में नॉर्वे के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को ड्रॉ पर रोकने में सफल रहे।

ਨਗਰ ਨਿਗਮ, ਲੁਧਿਆਣਾ, ਜਨਤੱਕ ਨੋਟਿਸ

ਹਰ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਜਨਤਾ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨਗਰ ਨਿਗਮ ਜੋਨ ਏ ਦੇ ਹਾਊਸ ਟੈਕਸ ਰਿਕਾਰਡ ਵਿਚ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਨੰ. ਬੀ-6-1167/11 ਦਾ ਇੰਦਰਾਜ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਪੁਤਰ ਗੁਰਸ਼ਰਨ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਦਰਜ ਹੈ। ਜਿਸ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 14-02-2024 ਨੂੰ ਹੋ ਚੁੱਕੀ ਹੈ। ਹੁਣ ਪ੍ਰਾਰਥੀ ਸ਼੍ਰੀ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਗੁਜਰਾਲ ਪੁੱਤਰ ਵਾ ਹਰਜੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਲੇਟ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਨੇ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ, ਅੰਡਮਨਟੀ ਬਾਂਡ, ਕੁਰਸੀਨਾਮਾ ਅਤੇ ਇਕ ਅਣ- ਰਜਿ: ਵਸੀਅਤ ਜੋ ਕਿ ਪ੍ਰਾਰਥੀ ਸ਼੍ਰੀ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਗੁਜਰਾਲ ਵਾ ਸ਼੍ਰੀਮਤੀ ਹਰਜੀਤ ਕੌਰ (ਪਤਨੀ) ਦੇ ਹੱਕ ਵਿੱਚ ਕੀਤੀ ਸੀ। ਐਮ.ਐਲ.ਏ ਸ਼੍ਰੀ ਅਸ਼ੋਕ ਪਰਾਸ਼ਰ ਪੱਪੀ ਵੱਲੋਂ ਤਸਦੀਕ ਕੁਰਸੀਨਾਮੇ ਰਾਂਹੀ ਹੇਠ ਅਨੁਸਾਰ 3 ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸ ਹਨ। 1. ਹਰਜੀਤ ਕੌਰ (ਪਤਨੀ) 2. ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਗੁਜਰਾਲ (ਪੁੱਤਰ) 3. ਮਨਵੀਰ ਕੌਰ (ਪੁੱਤਰੀ) ਹਨ। ਉਕਤ ਕਾਨੂੰਨੀ ਵਾਰਸਾਂ ਵਿਚੋ ਮਨਵੀਰ ਕੌਰ ਪੁੱਤਰੀ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਨੇ Executive Magistrate ਪਾਸੋ ਤਸਦੀਕ ਹਲਫੀਆ ਬਿਆਨ ਦਿੱਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਕਤ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਵਸੀਅਤ ਅਨੁਸਾਰ ਆਪਣੇ ਮਾਤਾ/ਭਰਾ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਇੰਤਦਾਰ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੇ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਨਹੀ ਹੈ। ਉਕਤ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਦਾ ਇੰਦਰਾਜ ਨਗਰ ਨਿਗਮ ਦੇ ਟੀ.ਐਸ-1 ਰਿਕਾਰਡ ਅਣ-ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਮੁਤਾਬਕ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਗੁਜਰਾਲ ਪੁੱਤਰ ਵਾ ਹਰਜੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਲੇਟ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਤੇ ਬਤੌਰ ਕਰਦਾਤਾ ਦਾ ਨਾਮ ਦਰਜ ਕਰਨਾ ਤਜਵੀਜੀ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਇਸ ਸਬੰਧੀ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਇਸ ਨੋਟਿਸ ਦੇ ਛੱਪਣ ਤੋ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-2 ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿੱਚ ਨਿਮਨ-ਸਹੀਕਾਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਕਿਸੇ ਵੀ ਕੰਮ-ਕਾਜ ਵਾਲੇ ਦਿਨ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮਿੱਥੇ ਸਮੇਂ ਅੰਦਰ ਇਤਰਾਜ ਨਾਂ ਆਉਣ ਦੀ ਸੂਰਤ ਵਿਚ ਉਕਤ ਪ੍ਰਾਪਰਟੀ ਨੰ. ਬੀ-6-1167/11 ਦਾ ਇੰਦਰਾਜ ਬਿਨੈਕਾਰ ਵੱਲੋਂ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਦਸਤਾਵੇਜਾਂ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਹਰਚਰਨ ਸਿੰਘ ਗੁਜਰਾਲ ਪੁੱਤਰ ਵਾ ਹਰਜੀਤ ਕੌਰ ਪਤਨੀ ਸ਼੍ਰੀ ਜਸਵਿੰਦਰਪਾਲ ਸਿੰਘ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਬਤੌਰ ਕਰਦਾਤਾ ਨਗਰ ਨਿਗਮ ਦੇ ਕਰ ਰਿਕਾਰਡ ਵਿੱਚ ਕੇਵਲ ਕਰ ਵਸੂਲਣ ਦੇ ਮੰਤਵ ਲਈ ਦਰਜ ਕਰ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਉਪਰੰਤ ਕੋਈ ਉਜਰ ਨਹੀ ਸੁਣਿਆ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਇੰਦਰਾਜ ਦਾ ਮਾਲਕੀ ਨਾਲ ਕੋਈ ਸਬੰਧ ਨਹੀ ਹੋਵੇਗਾ।

ਨੰ. 293/ZAD
ਮਿਤੀ 09-05-2024

ਜੋਨਲ ਸੁਪਰਡੈਂਟ, ਜੋਨ-ਏ
ਨਗਰ ਨਿਗਮ, ਲੁਧਿਆਣਾ।

सार्वजनिक सूचना

मैं, परवीन तायल पुत्र मोती राम तायल निवासी 31 सी शहीद उधम सिंह नगर वार्ड नंबर 54 सिविल लाइन्स लुधियाना पंजाब घोषणा करता हूं कि हमारी असल (1). पेमेंट रसीद नं० 00026225, राशि-2328671/-, दिनांक-06/05/2013, (2). पेमेंट रसीद नं० 00027098, राशि-626194/-,दिनांक- 19/10/2013, (3).पेमेंट रसीद नं० TDS00112, राशि-6262/-, दिनांक- 30/12/2013, (4).पेमेंट रसीद नं० Gc000044, राशि-1134779.10/-, दिनांक-11/11/2020, (5).पेमेंट रसीद नं० NC000718, राशि-925600/-, दिनांक-11/11/2020, (6).पेमेंट रसीद नं० Nd000496, राशि- 103157/-, दिनांक-30/11/2021 व फ्लैट चेंज पत्र दस्तावेज जो फ्लैट नंबर 604, टावर 4, पार्श्वनाथ रोयाल सेक्टर-20 पंचकुला के थे जो दिनांक:- 28/04/2024 को कही गुम हो गए है। जिसकी पुलिस शिकायत SR No.466550/2024 है। अगर किसी को मिलें तो उपरोक्त पते पर भेजे।

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड चंडीगढ़

सार्वजनिक सूचना

सम्पदा अधिकारी, यू.टी. चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सचिव, सीएचबी के समक्ष

विषय : मॉडर्न हाउसिंग काम्पलेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 5145-1 (प्रथम तल), श्रेणी-I के स्वामित्व अधिकारों के म्यूटेशन/स्थानांतरण बारे सेलडीड के आधार पर अलाटी/ट्रांसफरी श्रीमती चंचल कुमारी पत्नी एलटी. श्री गिरधारी लाल धाम से श्री कृष्णा पुत्र श्री नरी भान के नाम स्थानांतरित करने बारे।

यह आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि मॉडर्न हाउसिंग काम्पलेक्स, मनीमाजरा, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 5145-1 (प्रथम तल), श्रेणी-I जो कि श्रीमती चंचल कुमारी पत्नी एलटी. श्री गिरधारी लाल धाम के नाम से दर्ज है। अब, श्रीमती चंचल कुमारी पत्नी एलटी. श्री गिरधारी लाल धाम ने उपरोक्त आवासीय यूनिट को सेलडीड, जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 13-12-2023 के मार्फत श्री कृष्णा पुत्र श्री नरी भान को बेच दिया है। श्री कृष्णा पुत्र श्री नरी भान ने उपरोक्त आवासीय यूनिट को सेलडीड के आधार पर अपने पक्ष में ट्रांसफर करने के लिए कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि उपरोक्त सम्पति को आवेदक के पक्ष में उत्परिवर्तन पर कोई आपति है, तो वह शपथ पत्र के रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त निवास इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव, चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, चंडीगढ़

मास्क पहनें, अपने हाथों को अच्छे से धोएं, सामाजिक दूरी बनाए रखें।

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड चंडीगढ़

सार्वजनिक सूचना

सम्पदा अधिकारी, यू.टी. चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए सचिव, सीएचबी के समक्ष

विषय : सेक्टर-45-सी, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 2150-3 (तृतीय तल), श्रेणी-एमआईजी-एल के स्वामित्व अधिकारों के म्यूटेशन/स्थानांतरण बारे सेलडीड के आधार पर अलाटी/ट्रांसफरी श्रीमती परनीत पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी और श्रीमती नवनीत सोढ़ी पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी से श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री जसवंत सिंह के नाम स्थानांतरित करने बारे।

यह आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर-45-सी, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 2150-3 (तृतीय तल), श्रेणी-एमआईजी-एल जो कि अलाटी/ट्रांसफरी श्रीमती परनीत पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी और श्रीमती नवनीत सोढ़ी पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी के नाम से दर्ज है। अब, श्रीमती परनीत पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी और श्रीमती नवनीत सोढ़ी पुत्री स्वर्गीय श्री सुरिंदर सिंह सोढ़ी ने उपरोक्त आवासीय यूनिट को सेलडीड, जो कि सब रजिस्ट्रार कार्यालय चंडीगढ़ में दिनांक 04-04-2024 के मार्फत श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री जसवंत सिंह को बेच दिया है। श्रीमती संतोष कुमारी पत्नी श्री जसवंत सिंह ने उपरोक्त आवासीय यूनिट को सेलडीड के आधार पर अपने पक्ष में ट्रांसफर करने के लिए कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि उपरोक्त सम्पति को आवेदक के पक्ष में उत्परिवर्तन पर कोई आपति है, तो वह शपथ पत्र के रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त निवास इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव, चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, चंडीगढ़

मास्क पहनें, अपने हाथों को अच्छे से धोएं, सामाजिक दूरी बनाए रखें।

जगमार्ग क्लासीफाइड

0172-4014331 www.jagmarg.com

नाम परिवर्तन

मैं Rahul पुत्र Ram Sawaroop Sharma निवासी #395 गाँव अभयपुर, पंचकूला, हरियाणा ने अपना नाम बदलकर Rahul Sharma रख लिया है।

बेदखली सूचना

हम, हरी ओम पुत्र सुबेदार व निक्की पत्नी हरी ओम निवासी #43A, आशियाना कम्पलैक्स, सैक्टर-28, पंचकूला घोषणा करते हैं हमारा पुत्र अंकित हमारे कहने-सुनने से बाहर है। हम इसको अपनी तमाम चल-अचल सम्पति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इससे लेन-देन करने व सम्बंध रखने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा।

NAME CHANGE

I, Tarun Saini s/o Rameshwar Dass Saini r/o # 314-B Sector 51-A Chandigarh have changed my name to Tarun Kumar Saini

नाम परिवर्तन

मैं वरिंदर कुमार पुत्र श्री भोला राम निवासी #727/सी, रथपुर कॉलोनी पिंजौर, जिला पंचकुला, मैंने अपना नाम बदलकर वीरेंद्र कुमार रख लिया है।

नाम परिवर्तन

मैं, शरभदीप सिंह पुत्र श्री नरिंदर सिंह निवासी हाउस नंबर 54 रामपुर सियुडी जिला पंचकुला हरियाणा ने अपना नाम शरभदीप सिंह से बदलकर शरभदीप रख लिया है।

यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने बजरंग पूनिया को निलंबित किया



एजेंसी

नई दिल्ली। कुश्ती की वैश्विक संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने डोप परीक्षण कराने के लिए इनकार करने पर बजरंग पूनिया को अस्थाई तौर पर निलंबित करने के राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) के फैसले के बाद उन्हें साल के अंत तक निलंबित कर दिया है। हालांकि हैरानी भरे फैसले में नाडा के निर्णय की जानकारी होने के बावजूद भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने बजरंग की विदेश में ट्रेनिंग के लिए लगभग नौ लाख रुपये की राशि स्वीकृत की। देश के सबसे सफल पहलवानों में से एक बजरंग को नाडा ने 23 अप्रैल को निलंबित किया था। उन्हें इससे पहले 18 अप्रैल को रहने के स्थान संबंधी नियम के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी किया गया था। अपने बचाव में तोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता बजरंग ने कहा था कि उन्होंने कभी परीक्षण के लिए नमूना देने से इनकार नहीं किया लेकिन डोप नियंत्रण अधिकारी से सिर्फ इतना पूछा कि वह नमूना लेने के लिए लाई गई 'एक्सपायर्ड किट' के बारे में विस्तार से बताए। बजरंग ने पीटीआई को बताया कि उन्हें यूडब्ल्यूडब्ल्यू से निलंबन के बारे में कोई सूचना नहीं मिली है लेकिन वैश्विक संचालन संस्था ने अपनी आंतरिक प्रणाली में अपडेट करते हुए स्पष्ट तौर पर जिक्र किया है कि वह निलंबित हैं।

सार्वजनिक सूचना

विषय : औद्योगिक प्लाट नं० 24, फेज-1, औद्योगिक एरिया, बरवाला, माप 1000 वर्ग मीटर के स्वामित्व अधिकार (100 प्रतिशत) के स्थानांतरण बारे।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि औद्योगिक प्लाट नं० 24, फेज-1, औद्योगिक एरिया, बरवाला, माप 1000 वर्ग मीटर, एचएसआईआईडीसी द्वारा मैसर्स वी आर इंडस्ट्रीज, पत्र दिनांक 08-10-1997 के नाम आवंटित किया गया था। निगम को जीवित कानूनी उत्तराधिकारी श्री वरिंदर शर्मा द्वारा सूचित किया गया है। कि श्री राजिंदर कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय स्व. कुलवंत राय (निर्वसीयतकर्ता की मृत्यु 31-05-2017 को हो गई और (11) स्व. श्रीमती संतोष शर्मा पत्नी स्व. श्री राजिन्द्र कुमार शर्मा (13-08-2023 को आकस्मिक निधन) ऊपर उल्लिखित मृत्यु प्रमाण पत्र के अनुसार। निगम को फ्यूमिशाड दिया और इस प्रकार प्लॉट नंबर 24, औद्योगिक संपदा, चरण -1, बरवाला की 1000 वर्ग मीटर की औद्योगिक संपति के (100 प्रतिशत भाग) हस्तांतरण के लिए श्री वरिंदर शर्मा के पक्ष में निगम से संपर्क किया।

निगम मृतक आवंटियों स्वर्गीय श्री राजिंदर कुमार शर्मा और स्वर्गीय श्रीमती संतोष शर्मा के 100ल संपति अधिकारों को वरिंदर शर्मा के पक्ष में स्थानांतरित करने के उनके अनुरोध पर विचार कर रहा है। इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त वरिंदर शर्मा के पक्ष में प्लॉट के (100 प्रतिशत) हिस्से के हस्तांतरण पर कोई आपति है। वह/वे इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर लिखित रूप में आपत्ति, यदि कोई हो, अधोहस्ताक्षरी को प्रस्तुत कर सकते है, ऐसा न करने पर उक्त औद्योगिक भूखंड के (100 प्रतिशत) हिस्से का स्वामित्व वरिंदर शर्मा के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

सम्पदा अधिकारी (बरवाला)
एचएसआईआईडीसी, आई.ई, बरवाला
ईमेल -hsiidchbarwala1@gmail.com

कैसा रहेगा आज आपका दिन

डॉ. सुरेश मिश्रा, डायरेक्टर-कॉस्मिक एस्ट्रो प्रा. लि., पिपली (कुरुक्षेत्र)

10-5-2024, शुक्रवार ,विक्रमी सम्वत 2081, वैशाख मास, शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि, रोहिणी नक्षत्र, चंद्रमा वृष राशि में, राहु काल प्रातः 10 बज कर 30 मिनट से 12 बजे तक।

मेष। आज आपको दूसरों की मदद मिलेगी। व्यवसाय में उन्नति के योग बनने से लाभ की आशा प्रबल होगी। आपका संतान के व्यवहार से मन प्रसन्न होगा।

वृष। आज आपको संतान पक्ष से शुभ समाचार मिलेंगे। अचानक क्रोध से नुकसान हो सकता है इसलिए अपने बोलचाल में संयम रखें।

मिथुन। आज व्यापार में निर्णय सोच-समझकर लें। आपका आर्थिक निवेश लाभदायक रहेगा । अपनी अच्छी आदतों का सदुपयोग करें।

कर्क। आज आपको निजी संबंधों से सुख मिलेगा। आपकी पारिवारिक स्थिति सुखद रहेगी। व्यवसायिक दृष्टि से लाभदायक और अनुकूल संयोग प्राप्त होगा।

सिंह। आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और आपको परिश्रम का पूरा फल मिलेगा। व्यापारिक कार्य से यात्रा करना लाभकारी रहेगा।

कन्या। आज अपनी वस्तुओं को संभालकर रखना आवश्यक है। आपका पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा। आपको व्यर्थ खर्च से बचना चाहिए ।

तुला। आज आप राजकीय कार्यों में सफलता हेतु ईश्वरीय ध्यान करें। अति उत्साह से बचाव रखें । यदि वाणी पर नियंत्रण रखा तो घर में किसी सदस्य से विवाद नहीं होगा।

वृश्चिक। आज श्रेष्ठ कर्म करें ताकि जिसका लाभ भविष्य में आपको उचित मिलें। आपके कार्य ईश्वरीय कृपा से शीघ्र ही पूरे होंगे।

धनु। आज आपका गृहस्थ जीवन शांतिमय रहेगा। निजी व्यवसाय में उन्नति होगीद्ध आपकी ईश्वर और धार्मिक क्षेत्र में आस्था बढ़ेगी तो ही उचित मार्गदर्शन प्राप्त होगा।

मकर। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी। सोच-समझकर निर्णय लेने से लाभ होगा। आप दैवी कृपा से निराशा के वातावरण से बाहर होंगे।

कुंभ। आज व्यवसाय में नए अनुबंध लाभकारी होंगे। आज विशेष शुभ अवसर का लाभ प्राप्त करना आपके हाथ में है।

मीन। आज आपके मधुर संबंध बनेंगे, जो लाभदायक रहेंगे। व्यापार में नई योजनाओं का लाभ मिलेगा। परिवार के सदस्यों की उन्नति होगी।

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड चंडीगढ़

सार्वजनिक सूचना

श्री तरजिन्द्र सिंह पुत्र श्री दारा सिंह और श्रीमती हरविन्द्र कौर पत्नी श्री तरजिन्द्र सिंह, निवासी मकान नं० 2025, सेक्टर-47-सी, चंडीगढ़ ने आवासीय इकाई संख्या 2383-ए, सेक्टर-63, चंडीगढ़ के गुम हुए भौतिक कब्ज़ा पत्र, कब्ज़ा आशय पत्र और कब्ज़ा प्रपत्र (साइट) की डुप्लीकेट प्रति के लिए चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड में आवेदन किया है। उन्होंने उपरोक्त कागजात के गुम होने बारे चंडीगढ़ पुलिस को क्र.सं. 156875, एलआर. नं० 2024/012809, दिनांक 30-04-2024 को शिकायत दर्ज कराई है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त आवासीय इकाई के भौतिक कब्ज़ा पत्र, कब्ज़ा आशय पत्र और कब्ज़ा प्रपत्र (साइट) की डुप्लीकेट प्रति के निर्गमन के बारे कोई आपति है तो वह शपथ पत्र के रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त दस्तावेज जारी कर दिए जाएंगे। यदि किसी को असली कागजात मिल जाते हैं तो वह पुलिस पोस्ट या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करा सकता है।

सचिव, चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, चंडीगढ़

मास्क पहनें, अपने हाथों को अच्छे से धोएं, सामाजिक दूरी बनाए रखें।

अस्वीकरण सूचना

पाठकों को इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले उपयुक्त पूछताछ करने और उचित परामर्श लेने की सलाह दी जाती है। जगमार्ग विज्ञापनदाताओं के उत्पादों और सेवाओं को लेकर किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेता है। अगर विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करते हैं तो जगमार्ग प्रकाशन समूह को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकेगा।

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड

सार्वजनिक सूचना

विषय : सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 520, श्रेणी-एलआईजी के आवंटन/पंजीकरण बारे अलॉटी/ट्रांसफरी श्री बिशन दास पुत्र स्व. श्री अछरू राम के आकस्मिक निधन के आधार पर (1) श्रीमती लीला वती पत्नी स्वर्गीय श्री बिशन दास (2) श्रीमती सारिका पुत्री स्वर्गीय श्री बिशन दास पत्नी श्री राजेश कुमार (3) श्रीमती पूनम जयरथ पुत्री स्वर्गीय श्री बिशन दास पत्नी श्री सुकुमार जयरथ, (4) श्री अमन कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बिशन दास के नाम करने बारे।

यह आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 520, श्रेणी-एलआईजी के स्वामी श्री बिशन दास पुत्र स्व. श्री अछरू राम की दिनांक 27-12-2019 को चंडीगढ़ में मौत गई, जैसा कि उनके कानूनी वारिस ने सूचित किया है। (1) श्रीमती लीला वती पत्नी स्वर्गीय श्री बिशन दास (2) श्रीमती सारिका पुत्री स्वर्गीय श्री बिशन दास पत्नी श्री राजेश कुमार (3) श्रीमती पूनम जयरथ पुत्री स्वर्गीय श्री बिशन दास पत्नी श्री सुकुमार जयरथ, (4) श्री अमन कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बिशन दास ने श्री बिशन दास पुत्र स्व. श्री अछरू राम की आकस्मिक मृत्यु के आधार पर सेक्टर 41-ए, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 520, श्रेणी-एलआईजी को अपने नाम करने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी आकस्मिक मृत्यु के बाद वे उनके कानूनी वारिस हैं। उनके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस नहीं है।

अगर किसी को उपरोक्त नामित आवेदक के पक्ष में उपरोक्त आवास के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, जो कि हाऊसिंग बोर्ड चंडीगढ़ द्वारा (1) श्रीमती लीला वती (पत्नी) (2) श्रीमती सारिका (पुत्री), (3) श्रीमती पूनम जयरथ (पुत्री), (4) श्री अमन कुमार (पुत्र) के पक्ष में स्थानांतरण के लिए प्रस्तावित है, तो वह शपथ पत्र के रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त निवास इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव, चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, चंडीगढ़

मास्क पहनें, अपने हाथों को अच्छे से धोएं, सामाजिक दूरी बनाए रखें।

चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड

सार्वजनिक सूचना

विषय : सेक्टर 47-डी, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 3853-1, श्रेणी-एलआईजी के आवंटन/पंजीकरण बारे अलॉटी/ट्रांसफरी श्री फतेह सिंह राणा पुत्र स्व. श्री किशन सिंह के आकस्मिक निधन के आधार पर (1) श्रीमती आशा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री फतेह सिंह (2) श्री पूरन चंद पुत्र स्वर्गीय श्री फतेह सिंह राणा (3) श्री रविंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री फतेह सिंह (4) स्वर्गीय श्री शुभकरण पुत्र श्री फतेह सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी (ए) श्रीमती सकीना देवी पत्नी स्वर्गीय श्री शुभकरण (बी) श्री विकास राणा पुत्र स्वर्गीय श्री शुभकरण जीपीए धारक श्रीमती सपना देवी पत्नी श्री विकास राणा के माध्यम से (सी) सुश्री शिवानी राणा पुत्री स्वर्गीय श्री शुभकरण राणा के नाम करने बारे।

यह आम जनता और सभी संबंधित लोगों की जानकारी के लिए अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 47-डी, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 3853-1, श्रेणी-एलआईजी के स्वामी श्री फतेह सिंह राणा पुत्र स्व. श्री किशन सिंह की दिनांक 25-07-2008 को कांगड़ा, धर्मशाला (हिप्र) में मौत गई, जैसा कि उनके कानूनी वारिस ने सूचित किया है। (1) श्रीमती आशा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री फतेह सिंह (2) श्री पूरन चंद पुत्र स्वर्गीय श्री फतेह सिंह राणा (3) श्री रविंदर सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री फतेह सिंह (4) स्वर्गीय श्री शुभकरण पुत्र श्री फतेह सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी (ए) श्रीमती सकीना देवी पत्नी स्वर्गीय श्री शुभकरण (बी) श्री विकास राणा पुत्र स्वर्गीय श्री शुभकरण जीपीए धारक श्रीमती सपना देवी पत्नी श्री विकास राणा के माध्यम से (सी) सुश्री शिवानी राणा पुत्री स्वर्गीय श्री शुभकरण राणा ने श्री फतेह सिंह राणा पुत्र स्व. श्री किशन सिंह की आकस्मिक मृत्यु के आधार पर सेक्टर 47-डी, चंडीगढ़ में आवास यूनिट नं० 3853-1, श्रेणी-एलआईजी को अपने नाम करने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने यह भी कहा है कि उनकी आकस्मिक मृत्यु के बाद वे उनके कानूनी वारिस हैं। उनके अलावा कोई अन्य कानूनी वारिस नहीं है।

अगर किसी को उपरोक्त नामित आवेदक के पक्ष में उपरोक्त आवास के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, जो कि हाऊसिंग बोर्ड चंडीगढ़ द्वारा (1) श्रीमती आशा देवी (पत्नी) (2) श्री पूरन चंद (पुत्र), (3) श्री रविन्द्र सिंह (पुत्र), (4) स्वर्गीय श्री शुभकरण पुत्र श्री फतेह सिंह के कानूनी उत्तराधिकारी (ए) श्रीमती सकीना देवी (पुत्रवधू) (बी) श्री विकास राणा (पौत्र) (सी) सुश्री शिवानी राणा (पौत्री) के पक्ष में स्थानांतरण के लिए प्रस्तावित है, तो वह शपथ पत्र के रूप में इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में लिखित रूप में उपरोक्त कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। अन्यथा उपरोक्त निवास इकाई का पंजीकरण और आवंटन उपरोक्त दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव, चंडीगढ़ हाऊसिंग बोर्ड, चंडीगढ़

मास्क पहनें, अपने हाथों को अच्छे से धोएं, सामाजिक दूरी बनाए रखें।